कार्यालय—अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

संख्याः—1339 /FP/UK/ROAD/148101/2021 देहरादूनःदिनॉक 29 नवम्बर, 2021

सेवा में,

श्री प्रवीण कुमार,
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, अल्मोड़ा।

विषय— जनपद—पिथौरागढ़ के अन्तर्गत पाताल भुवनेश्वर दौला नानीशीतला सिमायल भूल की ध्याली चामाचौड़ एवं चौखुना तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.905 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

महोदय,

आपके उपर्युक्त विषयक वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव जो इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है, का परीक्षण करने पर प्रस्ताव में निम्न कमियॉ पायी गई :—

1. प्रतिवेदन प्रस्ताव में संलग्न नहीं है। कृपया प्रतिवेदन प्रस्ताव में संलग्न करें।
2. प्रस्ताव में संलग्न परियोजना की लैन्ड शैड्यूल के प्रमाण—पत्र में सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर अपेक्षित हैं।
3. प्रस्ताव में साइट निरीक्षण रिपोर्ट सलग्न नहीं है। साइट निरीक्षण रिपोट संलग्न करें।।
4. प्रस्ताव में संलग्न प्रारूप 47(आम सभा का अनापत्ति प्रमाण—पत्र) में ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर अपेक्षित है एवं सम्पन्न बैठक की उपस्थिति प्रस्ताव में संलग्न नहीं है।
5. प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारण्य संबन्धी प्रमाण पत्र प्रस्ताव में संलग्न नहीं है। कृपया प्रस्ताव में संलग्न करें।
6. प्रस्तावित योजना यदि किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारण्य के 10 कि0मी0 की परिधि में आता है तो मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें।
7. हवाई दूरी का प्रमाण पत्र प्रस्ताव में संलग्न नहीं है। कृपया प्रस्ताव में संलग्न करें।
8. प्रस्ताव की 3 छायाप्रतियां इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। प्रस्ताव की एक मूल प्रति भी इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अतः उपरोक्त कमियों का निराकरण करने हेतु प्रयोक्ता एजेन्सी/प्रभागीय वनाधिकारी को अपने स्तर से निर्देशित करते हुये **कमियों का पूर्ण निराकरण करवाकर इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।**

भवदीय,

(डा0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।

संख्याः—1339 /FP/UK/ ROAD/148101/2021 दिनॉकित।

प्रतिलिपि :— श्री विनय भार्गव, प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि **प्रस्ताव में इंगित कमियों का प्रस्तावक विभाग से पूर्ण निराकरण करवाकर प्रस्ताव संबंधित वन संरक्षक के माध्यम से इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।**

(डा0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।